अतिमहत्वपूर्ण एवं विशेषध्यानाकर्षण/ई-मेल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रांकः प्राशिप/अनु 03/2024/7621 लखनऊः दिनॉकः 07/10/2024

**विषयः परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के पुनर्मूल्यॉकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या–प्राशिप/अनु03/2024/7585, दिनांक 03.10.2024 कर सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा जून 2024 के परीक्षा परिणाम में अपने अंको से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं के लिये पुर्नमूल्यांकन फॉर्म परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर खोले गये तथा पुनर्मूल्यॉकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 05/10/2024 से 07/10/2024 तक एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 09/10/2024 दी गई थी।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि छात्रहित के दृष्टिगत पुनर्मूल्यॉकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 09/10/2024 तक एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 11/10/2024 तक बढ़ाई जा रही है।

आप से अपेक्षा है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उक्त के संबंध में अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें साथ ही परिषद द्वारा निर्गत पत्र संख्या–प्राशिप/अनु03/2024/7585, दिनांक 03.10.2024 (प्रतिलिपि संलग्न) में दिये गये निर्देशानुसार वांछित छात्र/छात्राओं के पुनर्मूल्यांकन फार्म निर्धारित तिथि तक भरवाने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु03/2024/7622-25 तद् दिनांकः 07/10/2024

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर दिनांक बढ़ाने के संबंध में।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

**प्रेषक,** **<u>अतिमहत्वपूर्ण एवं विशेषध्यानाकर्षण</u>**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

**पत्रांकः प्राशिप / अनु 03 / 2024 /** 7585 **लखनऊः दिनॉकः** 03 / 10 **/ 2024**

**विषयः परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के परीक्षा परिणाम उपरान्त पुनर्मूल्यॉकन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर, परीक्षा जून 2024 का परीक्षा परीक्षा परिणाम परिषद द्वारा दिनांक 03 / 10 / 2024 को घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित ऐसे छात्र / छात्राएँ जो अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर उपलब्ध RESULT नामक लिंक APPLY FOR RE-EVALUATION के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

1. पुनर्मूल्यॉकन आवेदन हेतु परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर उपलब्ध RESULT नामक लिंक APPLY FOR RE-EVALUATION पर छात्र / छात्रा अपने एनरोलमेन्ट नम्बर एवं जन्म तिथि की सहायता से आवेदन OPEN कर सकते हैं।
2. उपरोक्त आवेदन प्रकिया में तीन चरण निम्नानुसार हैं:

A. REGISTRATION (RE-EVALUATION):

पुनर्मूल्यॉकन का आवेदन करने के उपरान्त छात्र / छात्राएँ कतिपय विषयों में पुनर्मूल्यॉकन चैक बॉक्स के माध्यम से चयनित कर सकते हैं। सभी कतिपय विषयों में आवेदन, पुनर्मूल्यॉकन विकल्प चयन करने के उपरान्त छात्र / छात्राएँ अपने आवेदन के SAVE & PRINT BUTTON के माध्यम से सुरक्षित कर आवेदन का प्रिन्ट ले लेंगे। इस प्रकिया के समाप्त होने के बाद छात्र / छात्राएं 24 घंटे के उपरान्त द्वितीय विकल्प PAY FEES ONLINE के माध्यम से पुनर्मूल्यॉकन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। **विषयों का चयन सावधानी पूर्वक किया जाये एवं छात्र / छात्राएँ जिन विषयों की परीक्षा में सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 में सम्मिलित हुए हों तथा जिन विषयों के अंकों से असंतुष्ट हैं, केवल उन्ही विषयों का चयन करेंगें। विषयों के चयन में हुई किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये छात्र / छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिषद द्वारा त्रुटि का निराकरण किया जाना सम्भव नही है।**

P.T.O.

B. <u>PAY FEES ONLINE:</u>

पुनर्मूल्यॉकन हेतु रू0– 500/– प्रति विषय की धनराशि है। PAY FEES ONLINE विकल्प में अगले पेज पर TERMS & CONDITION,S DIALOGUE BOX में CLICK कर अगले पेज पर जायेंगे।

अगले पेज फीस कैटगरी में बोर्ड फीस चयनित कर छात्र/छात्राऍ एनरोलमेन्ट संख्या एवं जन्मतिथि संबंधित TEXTBOX में डालकर SUBMIT BUTTON CLICK करेंगे। इसके बाद अगले पेज पर PROVIDE DETAILS OF PAYMENT छात्र/छात्राऍ अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0 डी0, इन्सर्ट करने के उपरान्त CAPTCHA में प्रदर्शित TEXT को इन्सर्ट कर SUBMIT BUTTON को CLICK करेंगे।

CLICK करने के उपरान्त अगले वेब पेज VERIFY DETAILS AND CONFIRM THIS TRANSACTION पर पहुँचने के उपरान्त छात्र/छात्राऍ सभी डिटेल को चैक कर यह सुनिश्चित कर लेंगे TRANSACTION में प्रदर्शित हो रही जानकारी सही है TRANSACTION में उपलब्ध जानकारी से संतुष्ट होने के उपरान्त CONFIRM BUTTON पर CLICK करेंगे।

अगले वेब/पेज पर भुगतान के लिए विभिन्न विकल्प प्रदर्शित हो रहे होगें। छात्र/छात्राऍ अपने आवेदन शुल्क का भुगतान चार विकल्पों के माध्यम से कर सकते हैं।

a. INTERNET BANKING (SBI & OTHER BANK)
b. CARD PAYMENT (SBI ATM CUM DEBIT CARD, OTHER BANK DEBIT CARD & CREDIT CARD)
c. OTHER PAYMENT MODES (SBI BRANCH, NEFT/RTGS)
d. UPI

जिन छात्र/छात्राओं के पास INTERNET BANKING, DEBIT CARD, CREDIT CARD, NEFT/RTGS, UPI की सुविधा उपलब्ध नही है, वो PAYMENT CHALLAN का प्रिन्ट लेगें। किसी भी SBI BRANCH में जाकर छात्र/छात्राएं PAYMENT CHALLAN के माध्यम से अपना पुनर्मूल्यॉकन का शुल्क जमा कर सकते हैं।

किसी भी भुगतान माध्यम उपयोग करने हेतु बैंक शुल्क संबंधित विकल्प के नीचे प्रदर्शित किये गये हैं, भुगतान करने से पूर्व बैंक शुल्क की जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही करें।

P.T.O.

C. AFTER FEES SUBMITION TAKE RECEIPT OF PAYMENT:

भुगतान करने के 24 घंटे उपरान्त छात्र/छात्राएँ आवेदन में उपलब्ध तृतीय विकल्प AFTER FEES SUBMITION TAKE RECEIPT OF PAYMENT के माध्यम से PAYMENT RECEIPT का प्रिन्ट लेंगे आवेदन एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट आउट को अपने संस्थान प्रधानाचार्य को जमा करेंगे।

किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति में HELPLINE NUMBER 8127785481 एवं 7880501766 पर सम्पर्क स्थापित कर उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। सूच्य है कि ऑनलाइन पेमेन्ट की सुविधा बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, किसी भी विषम परिस्थिति में भुगतान संबंधित परेशानी एवं विवाद के लिए संबंधित बैंक से सम्पर्क कर त्रुटि/समस्या का निस्तारण कर सकते हैं। भुगतान संबंधी त्रुटि/समस्या के लिये प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ उत्तरदायी नही होगा।

पुनर्मूल्यॉकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 05/10/2024 से 07/10/2024 तक है एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 09/10/2024 है, परिषद द्वारा पुनर्मूल्यॉकन हेतु उपरोक्त ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आप से अपेक्षा है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कतिपय विषय में आवेदन करते समय पुनर्मूल्यॉकन विकल्प का चयन सावधानी पूर्वक किये जाने एवं जिन विषय की परीक्षा सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा जून 2024 में सम्मिलित हुए हों, उन्ही विषयों का चयन किये जाने हेतु संस्थान स्तर पर सूचित करने का कष्ट करें, यदि छात्र/छात्राओं द्वारा अपने चयनित विषयों में से किसी भी प्रकार की त्रुटि/समस्या होती है, तो छात्र/छात्राएँ स्वयं ही उत्तरदायी होगें।

**यदि पुनर्मूल्यॉकन हेतु आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं में मोबाइल नं0 अंकित पाया जाता है तो ऐसे परीक्षार्थी के उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यॉकन का कार्य नही कराया जायेगा तथा आवेदित छात्र के संबंधित पुनर्मूल्यॉकन के विषय में परीक्षा परिणाम में अंकित अंक को परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुकम में शून्य कर दिया जायेगा।**

**यह भी अवगत कराना है कि विभिन्न विषयों की कुल 15,433 लिखित उत्तरपुस्तिकाओं में मोबाइल नम्बर अंकित करने वाले छात्र/छात्राओं को संबंधित विषय में पुनर्मूल्यॉकन हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने का विकल्प नही दिया जायेगा।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

**पृ0सं0: प्राशिप/अनु03/2024/**7586-89 **तद् दिनांक:** 03/10/**2024**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।